हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 13 मई 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री





तीन साल में नहीं बनी बिहारपुर समूह जल प्रदाय योजना, शुद्ध पानी के लिए तरस रहे ग्रामवासी






### 21 करोड़ रूपए की लागत से कराया जाएगा निर्माण

# शहर में आवागमन की बेहतर सुविधा के लिए शासन से मिली छह नई सड़कों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में ट्रैफिक दवाब को कम करने के साथ ही यातायात की सुगम व्यवस्था उपलब्ध कराने शहर में छह नई सडकों की स्वीकृति प्रदान की गई है। नगर निगम महापौर की पहल पर मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत शासन ने 21 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृति मिलने के बाद सडकों के निर्माण हेतु तकनीकी प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है और अब टेंडर जारी किए जाने की तैयारी की जा रही है। इन सड़कों का निर्माण शहर के अलग अलग क्षेत्रों में किया जाएगा जिससे लोगों को राहत मिल सकेगी।

**खास बात**

- स्ट्रीट लाइट, नाली के साथ होगा निर्माण, कराया गया सर्वे

बता दें कि इन दिनों नगर निगम क्षेत्र में सडकों की हालत बेहद दयनीय है। शहर में बढ़ते यातायात के दबाव और ट्रैफिक के कारण सड़कों की स्थिति खराब हो गई है। दबाव के कारण सड़के जल्दी खराब हो रही है इसके साथ ही ट्रैफिक का दबाव बढ़ने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही वजह है कि नगर निगम में ट्रैफिक दबाव को कम करने के साथ ही यातायात को सुगम बनाने के लिए महापौर श्रीमती मंजूषा भगत द्वारा शासन को मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत छह प्रमुख सड़कों के निर्माण व जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। शासन को भेजे गए प्रस्ताव के बाद प्रदेश के संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने भी इस दिशा में पहल की जिसके बाद शासन की ओर से सभी छह सड़को के निर्माण हेतु अप्रैल महीने में ही स्वीकृति प्रदान कर दी गई थी। स्वीकृति मिलने के बाद नगर निगम द्वारा तकनीकी स्वीकृति के लिए भेजा गया था और अब सोमवार को शासन से सड़कों के निर्माण हेतु स्वीकृति मिल गई है। शासन ने कुल 21 करोड़ रुपए की राशि जारी की है। इस राशि से सड़को का निर्माण कराया जाएगा।



#### इन सड़कों का होगा निर्माण

नगर निगम क्षेत्र में नगर उत्थान योजना के तहत जिन छह सड़कों की स्वीकृति मिली है उनमें महामाया मंदिर से खरसिया रोड तक सड़क 3.2 करोड़ रूपए, संगम चौक से पोस्ट ऑफिस होते हुए रानी तालाब तक 4.42 करोड़ रूपए, गौरव पथ से मौलवी बांध 3 करोड़ रूपए, नवापारा चौक से हाउसिंग बोर्ड कालोनी व प्रतापपुर रोड की सड़क 5.90 करोड़ रूपए, फारेस्ट बेरियर से शंकरघाट तक 2.56 करोड़ रूपए, भट्ठापारा जीएस सिंह के घर से आगे रिंग रोड तक 2.80 करोड़ रूपए की लागत से सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही इन सड़कों पर साइन बोर्ड, दोनों ओर स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था होगी इसके साथ ही आवश्यकता अनुसार नाली का निर्माण किया जाएगा। बड़ी बात यह है कि कुछ स्थानों पर सड़क निर्माण के लिए हल्के चौडीकरण की आवश्यकता है जिसके लिए नगर निगम ने पूर्व में ही सर्वे करा लिया था।

#### ऑडिटोरियम के बदले स्वीकृति

बता दें कि हाल ही में नगर निगम को ऑडिटोरियम भवन के निर्माण हेतु शासन से 20 करोड़ रूपए की स्वीकृति की मिली थी लेकिन निगम क्षेत्र में पहले से ही पर्याप्त ऑडिटोरियम होने के कारण वित्त मंत्रालय से इस पर आपत्ति लगा दी गई थी और शासन ने इस स्वीकृति को वापस ले लिया था। स्वीकृति वापस होने के बाद महापौर ने उक्त राशि से ही सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव भेजा था और वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाक़ात की थी जिसके बाद शासन से निगम को यह स्वीकृति मिली।

#### जल्द होगी टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण

शहर में लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए छह अन्य सड़को के निर्माण की स्वीकृति मिली है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल की पहल पर मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री द्वारा निगम को यह राशि प्रदान की गई। जल्द ही सड़कों के निर्माण हेतु टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

-श्रीमती मंजूषा भगत
महापौर



# अवैध 8 नग साल लट्ठा लोड पिकअप जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बीती रात गश्ती के दौरान वन अमले ने मानिकपुर जंगल में साल लट्ठा लोड एक पिकअप को पकड़ने में सफलता हासिल की है। तस्कर पिकअप में 8 नग साल लट्ठा लोडकर तस्करी कर रहे थे। जब्त लट्ठा 1.915 घन मीटर है।

- दो तस्कर भेजे गए जेल

वन परिक्षेत्र बलरामपुर का मैदानी अमला सोमवार को मानिकपुर जंगल की गश्ती करने निकला था। इस दौरान मानिकपुर जंगल के कक्ष क्रमांक आरएफ 3511 की ओर से एक संदिग्ध पिकअप आते देखा तो वाहन की घेराबंदी कर रोका। पिकअप क्रमांक यूपी 64 टी 9601 में 8 नग साल लट्ठा लोडकर ग्राम बानपति, रामानुजगंज निवासी विष्णु गुप्ता आ.स्व.दशरथ गुप्ता एवं सर्वोत्तम गुप्ता आ.विष्णु गुप्ता तस्करी कर रहे थे। रात में किसी को भी लकड़ी तस्करी का संदेह न हो इसलिए आरोपियों ने तिरपाल से लकड़ी को ढक दिया था। अचानक वन अमले को सामने देख आरोपी घबरा गए एवं भागने की कोशिश करने लगे। वनकर्मियों ने दोनों आरोपियों को पकड़कर पिकअप की जांच की तो तिरपाल के नीचे साल के मोटे लट्ठे देख हैरान रह गए। वनकर्मी आरोपियों एवं जब्त साल लट्ठा लोड पिकअप को लेकर रात में ही परिक्षेत्र कार्यालय पहुंचे। मंगलवार को मामले में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41, 52 एवं छत्तीसगढ़ वन अधिनियम 2001 की धारा 22 के तहत आरोपियों को रामानुजगंज न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। कार्रवाई में रेंजर निखिल सक्सेना, वनपाल घनश्याम शर्मा, प्रहलाद तिवारी, अजीत कुजूर वनरक्षक शिवशंकर सिंह, देवीलाल, राजेश राम, संजीव सिंह, सुरेन्द्र सिंह उइके शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### कक्षा पहली में प्रवेश हेतु लॉटरी प्रक्रिया होगी आज

**बिश्रामपुर।** पीएम श्री सेजस जयनगर में नए शैक्षणिक सत्र हेतु कक्षा पहली में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 10 अप्रैल से 9 मई तक संपन्न हुई। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि कक्षा पहली के लिए पात्र एवं अपात्र सूची का प्रकाशन 12 मई को किया गया। इसके पश्चात चयनित विद्यार्थियों के अंतिम चयन हेतु लॉटरी प्रक्रिया 13 मई को प्रातः 10 बजे से विद्यालय परिसर में संपन्न की जाएगी। अभिभावकों से निर्धारित तिथि एवं समय पर विद्यालय में उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### लापरवाही पर व्याख्याता एवं सहायक शिक्षक को नोटिस

**अंबिकापुर।** भारत की जनगणना 2027 के कार्यों में तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी लुण्ड्रा के प्रतिवेदन के अनुसार विकासखण्ड लुण्ड्रा के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्याख्याता राजपाल देव एवं शासकीय प्राथमिक शाला आमापरा के सहायक शिक्षक सुखदेव राम को जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। व्याख्याता राजपाल देव द्वारा एचएलबी नंबर 186 ससौली के प्रगणक के ऑनलाइन कार्य में लापरवाही बरती गई। वहीं सहायक शिक्षक सुखदेव राम द्वारा एचएलबी नंबर 0063 के प्रगणक के रूप में कार्य में लापरवाही किये जाने एवं जनगणना सुपरवाईजर के द्वारा प्रतिदिन नशा किए जाने सम्बन्धी जानकारी दी गई।

### सिमड़ा में सुगन्ती को मिली ट्राइसाईकिल



**जशपुरनगर।** दुलदुला विकास खंड के ग्राम सिमड़ा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में 3 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृत प्रमाण पत्र और 1 दिव्यांग हितग्राही को ट्राइसाईकिल वितरण किया गया। इनमें ग्राम सिमड़ा के सुगन्ती तिर्की, को ट्राइसाईकिल मिला और डोम ,नूपपति और रामेश्वर साय को पेंशन स्वीकृत आदेश दिया गया। सुगन्ती तिर्की ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उनको कही आने जाने में सुविधा होगी दूसरे लोगों पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा।

## सेंट्रल बैंक से आम महिला समूह के नाम पर 6 लाख का लोन, महिला फरार

**लखनपुर।** ग्राम पंचायत कोसगां में संचालित आम महिला समूह से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। समूह की 10 महिला सदस्यों के नाम पर कथित रूप से बिना जानकारी और सहमति के करीब 6 लाख रुपये का लोन निकाल लिया गया। अब महिलाओं के खातों से ब्याज की राशि कटने लगी है, जिससे महिलाएं परेशान होकर बैंक के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2015 से संचालित आम महिला समूह में गांव की 10 महिलाएं सदस्य हैं। समूह की महिलाओं का आरोप है कि गांव की एक सक्रिय महिला अंबानी ने समूह की अध्यक्ष सुरजो बाई को साथ लेकर सेंट्रल बैंक से दो-तीन किस्तों में लगभग 6 लाख रुपये की राशि निकलवा ली। महिलाओं का कहना है कि इस पूरी प्रक्रिया की जानकारी अन्य सदस्यों को नहीं दी गई और उनके फर्जी हस्ताक्षर कर प्रस्ताव तैयार कर लोन स्वीकृत कराया गया। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब समूह की महिलाओं के खातों से लोन की ब्याज राशि कटने लगी। इसके बाद समूह की सचिव एवं अन्य महिलाएं सेंट्रल बैंक पहुंचीं, जहां उन्हें पता चला कि उनके समूह के नाम पर लाखों रुपये का ऋण लिया गया है। महिलाओं के अनुसार अब तक उनके खातों से 40 से 50 हजार रुपये तक ब्याज के रूप में काटे जा चुके हैं। समूह की सचिव कुली बाई सदस्य पवित्री ने बताया कि समूह में शामिल किसी भी महिला को लोन लेने की जानकारी नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यक्ष और गांव की सक्रिय महिला ने मिलकर बिना सहमति के राशि निकाली और पूरे मामले को गुप्त रखा। महिलाओं ने बताया कि शिकायत के बाद संबंधित महिला ने बैंक में लिखित रूप से 6 माह के भीतर पूरी राशि जमा करने का आश्वासन दिया था। इस संबंध में सहमति पत्र पर हस्ताक्षर भी किए गए थे, लेकिन तय समय बीत जाने के बाद भी राशि जमा नहीं की गई। इधर समूह की महिलाएं लगातार बैंक प्रबंधन से कार्रवाई की मांग कर रही हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। महिलाओं का कहना है कि बैंक प्रबंधन का स्पष्ट कहना है कि लोन समूह के नाम पर स्वीकृत हुआ है, इसलिए भुगतान की जिम्मेदारी भी समूह की ही होगी और ब्याज की कटौती जारी रहेगी।

इस संबंध में सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक आलोक बेग ने बताया कि उन्हें मामले की पूरी जानकारी नहीं है। बैंक स्टाफ से जानकारी लेने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि कुल कितनी राशि निकाली गई और महिलाओं के खातों से कितना ब्याज काटा गया है।

## आश्वासन के बाद ग्रामीणों का धरना समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



ग्राम झूमरपारा में सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा सड़क निर्माण प्रक्रिया जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन खत्म करने का निर्णय लिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम झूमरपारा चौकी करंजी के ग्रामीणों ने सड़क की खराब स्थिति को लेकर कांग्रेस नेता पंकज तिवारी के नेतृत्व में 10 मई से सड़क पर कोयला परिवहन बंद कर धरना प्रदर्शन शुरू किया था। ग्रामीण लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। धरना के दौरान एसईसीएल प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि सड़क निर्माण हेतु सीएसआर मद से लगभग 5.03 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। तकनीकी कारणों से सड़क निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया लंबित थी, जिसे पूरा कराने के लिए उच्च अधिकारियों को लगातार पत्राचार किया जा रहा था। मंगलवार को एसईसीएल की ओर से जीएम मनोज भारती, ट्रांसपोर्टर प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के बीच बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क निर्माण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि लगभग 30 दिनों के भीतर टेंडर प्रक्रिया पूरी कर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा,प्रबंधन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

## कुंवरपुर बांध मोड़ पर अनियंत्रित कार 40 फीट गहरी खाई में गिरी



**अम्बिकापुर।** अम्बिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित कुंवरपुर बांध मोड़ पर तेज रफ्तार एक कार अनियंत्रित होकर 40 फीट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। चालक कार में फस गया था जिसे कड़ी मशक्कत के बाद वाहन से बाहर निकाला गया। मूलतः उत्तरप्रदेश के भदोही निवासी अभिषेक पाण्डेय आ. अजय पाण्डेय रायपुर के कबीर नगर में रहता है तथा मंगलवार को कार से भदोही जाने के लिए निकला था। सुबह वह जैसे ही लखनपुर थानान्तर्गत कुंवरपुर बांध मोड़ पर पहुंचा तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर 40 फीट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में कार पलट गई थी तथा उसके चारों चक्के ऊपर थे। सूचना पर तत्काल पुलिस पहुंची तथा कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे युवक को बाहर निकाला। गनीमत थी दुर्घटना के दौरान कार के सभी बैलून खुल गए थे इसलिए युवक की जान बच गई। घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार उपरांत तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया। पुलिस हादसे का कारण तेज रफ्तार को मान रही है। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहन को बाहर निकालने की कार्रवाई में जुटी है।



## वन अमले ने पौधे कटाई मामले में आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

वन परिक्षेत्र अंतर्गत अधिसूचित वनक्षेत्र चिलमा वनखण्ड में बड़े पैमाने पर अवैध पौधे कटाई का मामला सामने आया है। वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों के खिलाफ वन अपराध प्रकरण दर्ज किया है। यह कार्रवाई वनमण्डलाधिकारी आलोक कुमार वाजपेयी के निर्देशन में की गई।

जानकारी के अनुसार राजपुर वन परिक्षेत्र के चिलमा वनखण्ड कक्ष क्रमांक आरएफ़ 2734 एवं आरएफ़ 2735 में कुछ ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से वन क्षेत्र की सफाई कर बड़ी संख्या में पौधे की कटाई की गई थी। मामले की जानकारी मिलने पर एसडीओ आरएस लाल श्रीवास्तव, वन परिक्षेत्राधिकारी अजय वर्मा, पुलिस बल एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में मौके पर जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि साल, साजा, करमी, धावड़ा तथा करौंदा मिश्रित प्रजाति के कुल 536 नग पौधों को काटकर मौके पर ही छोड़ दिया गया था। वन विभाग ने इस मामले में हरेन्दर कुशवाहा, रामलाल, अलबीस बड़ा, रंजीत बड़ा, सुरेन्द्र, रबीन्द्र, मीराज, केन्दा सहित अन्य ग्रामीणों को आरोपी बनाया है। सभी आरोपी ग्राम चिलमाकला, झींगाडांड़, परसागुड़ी, भदरापारा एवं चिलमा जंगल के आसपास के निवासी हैं। वन विभाग द्वारा 11 मई को ग्राम चिलमा एवं परसागुड़ी के ग्रामीणों की उपस्थिति में मौका पंचनामा तैयार किया गया तथा कटाई-सफाई में शामिल आरोपियों के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई शुरू की गई। वन विभाग की टीम ने आरोपियों के खिलाफ धारा 26 (1) क, च एवं ज तथा लोक संपत्ति नुकसानी निवारण अधिनियम की धारा 3 (1) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों को शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। वन विभाग अधिकारियों का कहना है कि संरक्षित वन क्षेत्रों में अवैध कटाई किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान वनपाल सुदामा विश्वकर्मा, अजय एक्का, रंजीता, मालती मांझी, सुनीता कुजूर, राकेश लकड़ा, राजेश खलखो एवं प्रमिठ एक्का सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### महापौर ने विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक, कार्यों को लेकर हुई चर्चा

# महामाया चौक से सदर रोड, देवीगंज रोड में होगा अंडरग्राउंड विद्युतीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही ट्रांसफॉर्मर, विद्युत पोल की शिफ्टिंग सहित अन्य कार्यों को लेकर नगर निगम में विद्युत विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मेयर श्रीमती भगत ने बताया कि शहर में गांधी चौक से लेकर महामाया चौक, सदर रोड व देवीगंज रोड में अंडरग्राउंड विद्युतीकरण का कार्य किया जाना है। इस कार्य के तहत इन मार्गो से खंभा और ट्रांसफार्मर थाए जाएंगे। उन्होंने नवीन विद्युत पोल लगाने, क्षतिग्रस्त हटाने, क्षतिग्रस्त केबल बदलने, ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग, पोल शिफ्टिंग के संबंध में विस्तृत की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विद्युतीकरण योजना अंतर्गत नई बसाहट वाले कॉलोनी-बस्ती में नए खंभों के साथ विद्युतीकरण कार्य क्षतिग्रस्त एवं सड़कों में बाधक पोल को लगाने व हटाने के कार्य, क्षतिग्रस्त केवल को बदलने का कार्य जिसके कारण स्ट्रीट लाइट लंबे समय से नहीं जल रहे हैं, उन्हें तत्काल बदलने सड़क किनारे और सुरक्षित ट्रांसफार्मर का सेफ्टी, शिफ्टिंग एवं अत्यधिक भर वाले मोहल्ले में ट्रांसफार्मर लगाने हेतु महापौर द्वारा निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि मेंटेनेंस कार्य शीघ्र कराया जाए ताकि शहरवासियों को विद्युत कटौती से होने वाले परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं बताया गया कि दो पानी फिल्टर प्लांट तकिया एवं कतकालो जो ग्रामीण क्षेत्र में आते हैं इसमें किसी भी कारण विद्युत कटौती होती है तो शहर की पेयजल सप्लाई व्यवस्था ठप हो जाती है इन क्षेत्रों में विद्युत कटौती न हो इसकी व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु महापौर ने कहा। अंडरग्राउंड विद्युतीकरण वाले मार्ग डामरीकरण हेतु स्वीकृत हैं इसलिए नगर निगम की टीम से समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए महापौर ने निर्देश दिया। शहर की लगातार विस्तार को देखते हुए शहर में अतिरिक्त 33/11 केवी के विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने हेतु गंगापुर वार्ड, पुराना बस स्टैंड अंबिकापुर, गहिरागुरु वार्ड (मठपारा), महामाया पहाड़ (घूटरापारा) में भूमि उपलब्ध कराने हेतु शहरी कार्यपालक यंत्री ने महापौर से आग्रह किया। इसके साथ ही अजीरमा रेलवे स्टेशन (बीज भंडार के पास) भूमि उपलब्ध हो गई है विद्युत उपकेंद्र स्थापना कार्यालय जल्द प्रारंभ किया जाएगा।



बैठक में विद्युत विभाग के प्रभारी सदस्य मनीष सिंह, जल विभाग के प्रभारी जितेन्द्र सोनी, आकाश गुप्ता, विकास गुप्ता, विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता शहर जयप्रकाश राजवाड़े, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण आरसूर्यवंशी, सहायक अभियंता एसके गुप्ता, अग्नेश बंजारे सहायक अभियंता, सहायक अभियंता कैलाश देवांगन, कनिष्ठ अभियंता संगम कुमार पटेल, नगर पालिक निगम के विद्युत व जल प्रभारी प्रशांत खुल्लर उपस्थित रहे।




## खबर संक्षेप

### तारुण्य वार्ता पीरियड्स पर अभियान का शुभारंभ

**बैकुण्ठपुर।** मासिक धर्म स्वच्छता और बालिकाओं के सशक्तिकरण को लेकर यूनिसेफ और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के संयुक्त तत्वाधान में तारुण्य वार्ता पीरियड्स पर खुलकर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राज्य के सभी जिलों से तीन-तीन प्रतिनिधि एडल्ट लीडर्स मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण के लिए जुटे। यूनीसेफ के व्यवहार परिवर्तन विशेषज्ञ अभिषेक सिंह ने बताया कि इस अभियान से किशोरों में स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता बढ़ेगी, मासिक धर्म स्वच्छता व्यवहार में सुधार आएगा और इस विषय पर बातचीत की झिझक कम होगी।

### कलेक्टर संतन देवी ने सुनीं समस्याएं

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े के मार्गदर्शन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुना गया। कलेक्टर ने मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन आवेदनों के त्वरित और समयबद्ध निराकरण के सख्त निर्देश दिए। 12 मई को जनदर्शन में कुल 14 आवेदन प्राप्त हुए।

### जिले में 18 को रोजगार मेला

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर उपलब्ध करवाते हुए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 18 मई को भव्य रोजगार मेला/प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह रोजगार मेला युवाओं को निजी क्षेत्र में सीधी नियुक्ति का अवसर प्रदान करेगा। प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक किया जाएगा, जिसके लिए जिलेभर से युवाओं के बड़ी संख्या में पहुंचने की उम्मीद है। इस कैंप में शामिल होने के लिए प्रतिष्ठित निजी संस्थान प्राप्त जानकारी के अनुसार इस रोजगार मेले में शिक्षक, लाइब्रेरियन, ऑफिस असिस्टेंट, चपरासी एवं टेक्नीशियन ट्रेनी जैसे पद शामिल हैं। विभिन्न स्कूलों एवं संस्थानों जैसे अलेख पब्लिक स्कूल, विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल, अलास्का पब्लिक स्कूल तथा डॉ. आरएनएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा शिक्षकों के पदों पर भर्ती की जाएगी।

### कृषि कॉलेज छात्रावास में स्वच्छता प्रतियोगिता

**बैकुण्ठपुर।** स्व. डॉ. रामचंद्र सिंहदेव कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र के बालक एवं बालिका छात्रावास में उत्कृष्ट स्वच्छता बनाए रखने वाले कमरों का चयन अधिष्ठाता डॉ.डीके गुप्ता की उपस्थिति में गठित समिति द्वारा किया गया। बालक छात्रावास में दुर्गेश मिरी एवं परवाज शाहनवाज ने प्रथम, पंकज कुमार भारद्वाज एवं पुष्पेन्द्र यादव ने द्वितीय तथा मनमोहन मिरी एवं विवेक कुमार सोनवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका छात्रावास में सिन्नी शेरॉन तिग्गा एवं आराधना साहू ने प्रथम, अर्चना मसराम एवं सुष्मिता मिंज ने द्वितीय तथा अंकिता भगत एवं गरिमा पैकरा ने तृतीय स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 501, 301 एवं 201 रूपए नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### जिला स्तरीय शिक्षा समीक्षा की बैठक 15 को

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर की अध्यक्षता में 15 मई को होगी जिला स्तरीय शिक्षा समीक्षा बैठक, जिला प्रशासन मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आगामी सत्र की तैयारियों को लेकर एक्शन मोड में नजर आ रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी ने 15 मई को जिले के सभी सरकारी हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी और सेजेस के प्राचार्यों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक बुलाई है।

---

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से की सीसी सड़क निर्माण की मांग

# सिलफोड़वापारा पहुंच मार्ग अब तक कच्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भॉडी के सिलफोड़वापारा पहुंच मार्ग का अब तक पक्कीकरण नहीं हो सका है। कच्ची एवं उबड़-खाबड़ सड़क के कारण ग्रामीणों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मार्ग का सीसी सड़क के रूप में निर्माण कर दिया जाए तो हर मौसम में आवागमन सुगम हो सकेगा। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में मार्ग पूरी तरह कच्चा होने से वाहन चालकों एवं राहगीरों को हिचकोले खाते हुए सफर करना पड़ता है। विशेषकर बीमार मरीजों को अस्पताल ले जाने के दौरान सबसे अधिक परेशानी होती है। बरसात के दिनों में स्थिति और खराब हो जाती है, जिससे लोगों की दिक्कतें बढ़ जाती हैं।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भॉडी के सिलफोड़वापारा पहुंच मार्ग जो कि कच्ची है, वह अब तक पक्की नहीं हो सकी है। इस कारण ग्रामीणों को कच्चे मार्ग से आवागमन करने में परेशानी उठानी पड़ती है। क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि कच्ची सड़क को यदि पक्कीकरण कर दिया जाता तो हर मौसम में लोगों को आने-जाने में परेशानी नहीं होती। वर्तमान में कच्ची सड़क उबड़-खाबड़ हैं, ऐसे में क्षेत्र के लोगों को हिचकोले खाकर आवागमन करना पड़ता है। परेशानी तब अधिक बढ़ जाती है, जब किसी बीमार को लेकर आवागमन करते हैं तब सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र के लोगों की मांग है कि कच्ची सड़क को सीसी सड़क बनाया जाए, ताकि हर मौसम में लोगों सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।



ग्राम पंचायत भॉडी के सिलफोड़वापारा की कच्ची मार्ग जहां आवागमन में ग्रामीणों को होती है भारी परेशानी।

### कुछ दूरी तक मिट्टी बिछाई

ग्राम कसरा पहुंच मार्ग पर डेरा सच्चा सौदा आश्रम के आगे नहर के पास से सिलफोड़वापारा पहुंच मार्ग परिवर्तित है। कसरा पहुंच मार्ग तो डामरीकृत हैं, जिससे दिक्कत नहीं होती, लेकिन नहर के पास से जब सिलफोड़वापारा के लिए कच्ची सड़क पर शुरूआत में ही कुछ दूर तक दो-तीन सप्ताह पूर्व मिट्टी बिछाए जाने की जानकारी एक ग्रामीण ने दी। कच्ची सड़क पर कुछ दूरी पर शुरूआत में मिट्टी गिराकर फैला दी गई और लोगों के आने-जाने से मजूबरी जरूर गया हैं, लेकिन मिट्टी के कारण बरसात के समय दिक्कत होगी।

### सीसी सड़क बनाने की मांग

स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सालों पूर्व बनी कच्ची सड़क के कारण उन्हें आवागमन में दिक्कत होती है, कच्ची मार्ग में हिचकोले खाते हुए वाहन चालकों को आवागमन करना पड़ता है, उनकी समस्या को दूर करने की दिशा में अब तक ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने मांग किया कि इस मार्ग को सीसी सड़क बना दिया जाता है तो सालों पुरानी क्षेत्र की लोगों की समस्या दूर हो जाएगी।

### दिखवाता हूं

ग्रामीणों की मांग पर गंभीरता से कार्य किया जाएगा। इसके लिए मैं सरपंच और सचिव से चर्चा करता हूं। समस्या का समाधान कराया जाएगा।

**-ए. पन्ना,** सीईओ
जपं बैकुंठपुर

---

# कोरिया के समग्र विकास के लिए टीम वर्क के साथ करेंगे कार्य

### नव पदस्थ कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने प्रेसवार्ता में रखीं अपनी बातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले की नवपदस्थ कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में स्पष्ट किया कि कोरिया जिले में पारदर्शी, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।



उन्होंने कहा कि जिले के समग्र विकास के लिए टीम वर्क के साथ कार्य किया जाएगा और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। मीडिया कर्मियों से चर्चा करते हुए कलेक्टर श्रीमती यादव ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया शासन-प्रशासन और जनता के बीच एक मजबूत कड़ी है। मीडिया न केवल शासन की योजनाओं और उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाती है, बल्कि प्रशासन को आईना दिखाकर कार्यप्रणाली में सुधार लाने का भी कार्य करती है। उन्होंने बताया कि करीब 21 वर्षों की शासकीय सेवा में सरगुजा संभाग में यह उनकी पहली पदस्थापना है। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यालय एवं कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को अनिवार्य किया गया है। उन्होंने सुशासन तिहार शिविरों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिविरों में प्राप्त हर आवेदन का गंभीरता और बारीकी से परीक्षण कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान अपर कलेक्टर डीडी मंडावी ने जिले में चल रहे जनगणना कार्यों की जानकारी दी। प्रेस कांफ्रेंस में जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, एडीएम सुरेन्द्र वैद्य, जिला जनसंपर्क अधिकारी विजय मानिकपुरी सहित काफी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।


---

# रेल दोहरीकरण परियोजना के लिए मुआवजा वितरण प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- 111 भूमि स्वामियों को मिलेगा लाभ

जिले में बहुप्रतीक्षित बौरीडांड-अंबिकापुर (सरगुजा) रेल दोहरीकरण परियोजना को लेकर भू-अर्जन एवं मुआवजा वितरण की प्रक्रिया तेज हो गई है।



इस महत्वपूर्ण परियोजना के अंतर्गत प्रभावित क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई प्रगति पर है और अब पात्र भूमि स्वामियों को मुआवजा राशि वितरण की दिशा में प्रशासन सक्रिय हो गया है। परियोजना से कुल 9 ग्राम उजियारपुर, बरबसपुर, दर्रीटोला, सरोला, सेमरा, लाई, उदलकछार, शंकरगढ़ एवं बेलबहरा प्रभावित हैं। रेल दोहरीकरण कार्य के लिए कुल 6.980 हेक्टेयर भूमि अर्जित की गई है, जिसमें 111 निजी भूमिस्वामियों की 5.225 हेक्टेयर निजी भूमि तथा 28 प्रकरणों में 1.755 हेक्टेयर शासकीय भूमि शामिल है। इस परियोजना के लिए कुल 4 करोड़ 78 लाख 47 हजार 777 रूपए की अवार्ड राशि पारित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा 5 मई 2026 को अवार्ड पारित किए जाने के बाद अब प्रभावित हितग्राहियों के बैंक खातों की जानकारी तहसीलदार, उप तहसील नागपुर के माध्यम से संकलित की जा रही है, ताकि मुआवजा राशि का भुगतान शीघ्रता से सीधे खातों में किया जा सके। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परियोजना से प्रभावित सभी भूमि स्वामियों को नियमानुसार पारदर्शी, त्वरित एवं सुगम प्रक्रिया के तहत मुआवजा वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार यह परियोजना क्षेत्रीय रेल अधोसंरचना को मजबूत करने के साथ-साथ विकास की नई संभावनाओं को भी गति देगी।

---

# नर्सिंग कॉलेज में मना अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस मनाया गया।




कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि डॉ. प्रिंस जायसवाल, वंदना जायसवाल एवं संस्था के प्राचार्य डॉ. अंजना सैम्यूल व समस्त शिक्षकों द्वारा फ्लोरेंस नाईटिंगल के छायाचित्र के समक्ष कैंडल जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके पश्चात नर्सिंग ट्यूटर रजनी शर्मा द्वारा स्टूडेंट नर्सेस एसोसिएशन के बारे में पीपीटी के माध्यम से स्टूडेंट को जानकारी दी गई, इसके उपरांत स्टूडेंट नर्सेस एसोसिएशन सदस्य बनाने के लिए चुनाव का आयोजन किया गया। इसमें वाइस प्रेसिडेंट सेक्रेटरी व ट्रेजरार के पदों का चुनाव किया गया। वाइस प्रेसिडेंट पद के लिए सुमन कुमारी पासवान सातवां सेमेस्टर, सेक्रेटरी रीतु रानी गुप्ता पांचवां सेमस्टर एवं ट्रेजरार रौशनी कुमारी पांचवां सेमेस्टर से बनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रिंस जायसवाल ने नर्सिंग के लिए अपने विचार व्यक्त किए एवं स्वास्थ्य क्षेत्र की नवीनतम चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार के प्रयास में नर्स एक अहम भूमिका निभा रही है, साथ ही नर्सिंग छात्राओं के शिक्षा प्राणाली के महत्व पर भी प्रकाश डाला। प्राचार्य के द्वारा छात्र-छात्राओं को नर्सिंग दिवस के थीम हमारी नर्सें। हमारा भविष्य सशक्त नर्सें जीवन बचाती है एवं नर्सिंग के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य के मार्गदर्शन के लिए उत्साहित एवं उद्बोधन किया तथा नर्स की भूमिका घर, परिवार एवं कार्यस्थल पर महत्व डाला। तत्पश्चात बीएससी नर्सिंग के छात्राओं सुमन और पुषांजलि के द्वारा एकल गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों के द्वारा केक काटा गया। बीएससी नर्सिंग की छात्राओं के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्रबंधन के निर्देशानुसार प्राचार्य के मार्गदर्शन में नर्सिंग ट्यूटर लक्ष्मी साहू के द्वारा किया गया।

---

# पटेल कॉलेज में नर्सेस दिवस पर हुए विविध आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** अंतर्राष्टीय नर्सेस डे के अवसर पर केबी पटेल कॉलेज में विविध कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतिवर्ष 12 मई को आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस के रूप में यह दिवस मनाया जाता है।



इस अवसर पर कॉलेज में रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें नर्सिंग छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में हिमांशी ग्रुप 8वें सेमेस्टर ने प्रथम तथा प्रीति ग्रुप 1 वें सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दीपिका 3 रे सेमेस्टर प्रथम एवं उषा 7 वें सेमेस्टर द्वितीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के तहत एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षिकाओं ने इस वर्ष की थीम हमारी नर्सें, हमारा भविष्य सशक्त नर्सें जान बचाती है पर अपने विचार रखे। कॉलेज के डायरेक्टर विश्वजीत बारिक ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवा की रीढ़, करुणा और सेवा की प्रतिमूर्ति होती हैं। उन्होंने कहा कि यह दिवस न केवल नर्सों के योगदान को याद करने का अवसर है, बल्कि उनके साहस और सेवाभाव को सम्मान देने का भी दिन है। इस दौरान जिन अस्पतालों में छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं, वहां पहुंचकर नर्सों को पुष्पगुच्छ एवं मिठाई भेंट कर शुभकामनाएं दी गइं। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रियांशु सिंह थॉमस ने कहा कि नर्सिंग शिक्षा पूर्ण होने पर नाइटिंगेल प्रतिज्ञा दिलाई जाती है, जो पेशे के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने छात्राओं से समाज सेवा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

---

# शिवपुर-चरचा में आज लगेगा सुशासन शिविर

**चरचा कॉलरी।** आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन कोरिया द्वारा बुधवार को नगर पालिका शिवपुर-चरचा में सुशासन त्योहार के तहत विशाल जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा।

यह शिविर वार्ड क्रमांक 6 स्थित सामुदायिक भवन में लगाया जाएगा, जहां प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों के बीच सीधा संवाद होगा। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा ने बताया कि शिविर में नगर पालिका क्षेत्र के सभी 15 वार्डों के नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। शिविर की विशेषता यह होगी कि जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के स्टॉल एक ही परिसर में लगाए जाएंगे। नागरिक अपनी समस्याएं और शिकायतें सीधे संबंधित अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे, जिनका तत्काल निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। संवाद से समाधान तक की अवधारणा पर आधारित यह आयोजन प्रशासन और जनता के बीच दूरी कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इस दौरान नागरिकों से नगर के विकास संबंधी सुझाव भी लिए जाएंगे। लोग अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं, विकास कार्यों और मूलभूत सुविधाओं को लेकर सीधे प्रशासन को सुझाव दे सकेंगे, जिससे भविष्य की योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। शिविर में डिजिटल सेवाओं पर विशेष जोर रहेगा। ऑनलाइन आवेदन, राशन कार्ड, पेंशन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सेवाओं के लिए मौके पर ही सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इससे नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ लेने और नगर विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है।

---

### 2,220 हितग्राहियों के पक्के घर बने

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले में शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत पात्र हितग्राहियों के पक्के मकान का सपना तेजी से साकार हो रहा है। जिला पंचायत के समन्वय और प्रशासन की सतत निगरानी के परिणामस्वरूप जिले में आवास निर्माण कार्य में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। पिछली तीन माह की अवधि में दोनों जनपद पंचायतों को मिलाकर कुल 2,220 हितग्राहियों के पक्के आवास पूर्ण किए गए हैं, जो कुल लक्ष्य का लगभग 60 प्रतिशत है। जिला प्रशासन द्वारा कार्ययोजना बनाकर हितग्राहियों से निरंतर संवाद, संसाधनों की उपलब्धता तथा तकनीकी सहयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही समय-समय पर समीक्षा, निरीक्षण एवं प्रोत्साहन गतिविधियों के माध्यम से निर्माण कार्यों में गति लाई गई है। प्रशासन द्वारा प्रगति के अनुरूप जियो-टैगिंग कर डीबीटी के माध्यम से समय पर किश्तों का भुगतान किया जा रहा है। पहली किश्त 40 हजार रूपए, प्लिंथ स्तर तक कार्य पूर्ण होने पर 55 हजार रूपए तथा अंतिम किश्त 25 हजार रूपए हितग्राहियों के खातों में सीधे हस्तांतरित की जाती है।

---

महुआ पेड़ की छांव में लगा जन समस्या निवारण शिविर

# बचरा में ग्रामीणों की समस्याओं से जुड़े 330 आवेदन मिले, 40 का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राज्यस्तरीय सुशासन तिहार के तहत कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में मंगलवार को बैकुंठपुर जनपद पंचायत के ग्राम बचरा में महुआ पेड़ की छांव में खुले मैदान में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में 19 गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। विभिन्न मांगों और समस्याओं से संबंधित लगभग 300 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि किसानों के लिए एग्रीस्टेक के तहत पंजीयन कराना आवश्यक है, ताकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, खाद-बीज वितरण, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सहित अन्य किसान हितैषी योजनाओं का लाभ मिल सके। अधिकारियों ने कहा कि पंजीयन नहीं होने पर किसानों को योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो सकती है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि इस योजना से उपभोक्ताओं के बिजली बिल में कमी आती है तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है, इसलिए इस योजना का लाभ जरूर उठाएं। समाज कल्याण विभाग ने दिव्यांगजनों और बुजुर्गों के लिए संचालित पेंशन एवं अन्य योजनाओं की जानकारी दी। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग ने महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं से ई-केवाईसी कराने की अपील की, ताकि उन्हें योजना का लाभ निरंतर मिलता रहे। शिविर में नोनी सुरक्षा योजना, नवाबिहान योजना, पोषण अभियान, हमर स्वस्थ्य लईका कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित महिलाओं और बच्चों से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि सामर्थ्य मोबाइल एप के माध्यम से कुपोषित बच्चों की निगरानी की जा रही है। किसानों को कृषक उन्नति योजना, किसान समृद्धि योजना, शून्य ब्याज कृषि ऋण तथा पोर्टल के माध्यम से कृषि यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि कृषि उपकरणों पर 50 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है। राजस्व विभाग ने नामांतरण, सीमांकन एवं बंटाकन जैसे मामलों के त्वरित निराकरण की जानकारी दी। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को आवास निर्माण की किश्त समय पर मिलने की बात कही गई। अधिकारियों ने पीएमजीएसवाय के हितग्राहियों से अपील करते हुए कहा कि किश्त की राशि मिलने पर आवास निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करें। बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और आवेदनों के शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया। उन्होंने ग्राम पंचायतों के सचिवों से कहा कि छोटे-छोटे कार्यों के लिए ग्रामीणों को परेशानी नहीं होनी चाहिए, स्वयं व्यक्तिगत रूचि लेकर इसका निराकरण करें। उन्होंने पटवारियों से कहा कि राजस्व संबंधी प्रकरणों का निपटारा करने में सहयोग करें। कुछ ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके पर पटवारी से सवाल-जवाब भी किया, उन्होंने समय पर ग्रामीणों की समस्याओं निराकरण करने को कहा। जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण के लिए सोख्ता गड्ढों का निर्माण करने और भू-जल स्तर बढ़ाने में सहयोग करने की अपील भी की। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिससे ग्रामीणो को काफी लाभ हुए, उन्हें अनेक योजनाओं की जानकारी मिली।



## खबर संक्षेप

### सेजेस जयनगर में कक्षा पहली में प्रवेश हेतु लॉटरी प्रक्रिया होगी आज

**बिश्रामपुर।** पीएम श्री सेजस जयनगर में नए शैक्षणिक सत्र हेतु कक्षा पहली में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 10 अप्रैल से 9 मई तक संपन्न हुई। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि कक्षा पहली के लिए पात्र एवं अपात्र सूची का प्रकाशन 12 मई को किया गया। इसके पश्चात चयनित विद्यार्थियों के अंतिम चयन हेतु लॉटरी प्रक्रिया 13 मई को प्रातः 10 बजे से विद्यालय परिसर में संपन्न की जाएगी। अभिभावकों से निर्धारित तिथि एवं समय पर विद्यालय में उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### बॉलीवुड अभिनेता भगवान तिवारी का नगरवासियों ने किया स्वागत



**रामानुजगंज।** भगवान तिवारी लंबे समय बाद अपने बचपन की यादों से जुड़े नगर रामानुजगंज पहुंचे, जहां उनके आगमन पर नगरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कला प्रेमियों, सामाजिक संगठनों, विप्र समाज एवं नगरवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। वार्ड क्रमांक 6 में रहकर कक्षा पहली से आठवीं तक की पढ़ाई करने वाले भगवान तिवारी आज बॉलीवुड एवं डिजिटल मनोरंजन जगत का एक चर्चित नाम बन चुके हैं। छोटे से नगर रामानुजगंज से निकलकर मायानगरी मुंबई तक का सफर तय करने वाले भगवान तिवारी ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और अभिनय क्षमता के दम पर फिल्म इंडस्ट्री में विशेष पहचान बनाई है। भगवान तिवारी ने शाहरुख खान के साथ फिल्म रईस में अभिनय किया है। इसके अलावा स्पेशल 26, ए वेडनेसडे सहित कई चर्चित फिल्मों में उन्होंने अपने सशक्त अभिनय का परिचय दिया है। फिल्मों के साथ-साथ वे कई लोकप्रिय वेब सीरीज एवं टीवी धारावाहिकों में भी अपनी अभिनय प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। रामानुजगंज पहुंचने पर नगर के विप्र समाज के लोगों ने शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। वहीं विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी उनका अभिनंदन करते हुए कला जगत में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर भगवान तिवारी ने कहा कि रामानुजगंज उनके लिए केवल जन्मभूमि नहीं बल्कि भावनाओं, संस्कारों और आत्मीयता से जुड़ी पवित्र भूमि है।

### केशवनगर सबस्टेशन में केबल चोरी प्रयास के फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** केशवनगर स्थित 120 केवी सबस्टेशन में केबल चोरी के प्रयास के मामले में फरार चल रहे दो आरोपी युवक को बिश्रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पूछताछ के बाद सूरजपुर न्यायालय पेश किया गया।



जानकारी के अनुसार 31 मार्च की मध्यरात्रि कुछ युवक केशवनगर स्थित 120 केवी सबस्टेशन में केबल चोरी करने घुसे थे। इस दौरान सबस्टेशन में तैनात सुरक्षाकर्मियों एवं पुलिस पेट्रोलिंग टीम की सतर्कता से आरोपी अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके। मौके पर एक आरोपी कृष्णा साहनी निवासी भटगांव को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया था। मामले में पुलिस ने कृष्णा साहनी के विरुद्ध धारा 331(4), 305(ए) एवं 62 बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया था। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश लगातार जारी थी। इसी क्रम में घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी आर्यन कांशी पिता संजू कांशी, उम्र 19 वर्ष निवासी शिवनंदनपुर एवं सैफुल अंसारी को बिश्रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों आरोपी को सूरजपुर न्यायालय में पेश किया गया है। थाना प्रभारी प्रकाश राठौर ने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

### रामानुजगंज-बड़की महरी निर्माणाधीन टू-लेन सड़क पर उठ रहे सवाल

# निर्माणाधीन एनएच 343 पर उड़ रही धूल, लोगों का आवागमन मुश्किल



सड़क पर उड़ते धूल के गुबार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

**खास बात**
- धूल के कारण बीमारी का खतरा, बढ़ दुर्घटना की संभावना

रामानुजगंज से बड़की महरी तक राष्ट्रीय राज्यमार्ग 343 के निर्माणाधीन टू-लेन सड़क का कार्य इन दिनों विवादों के घेरे में है। सड़क निर्माण का जिम्मा संभाल रहे ठेकेदार पर ग्रामीणों और राहगीरों ने गंभीर लापरवाही, गुणवत्ता में अनियमितता और सुरक्षा मानकों की अनदेखी के आरोप लगाए हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य में शुरुआत से ही कई तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं, लेकिन संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है, जिसके कारण पूरे क्षेत्र में दिनभर धूल का गुबार उड़ता रहता है। सड़क से गुजरने वाले बाइक सवार, स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और राहगीर भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि सड़क पर कुछ देर खड़ा रहना भी मुश्किल हो गया है। धूल के कारण सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन और दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। नागरिकों ने बताया कि कई बार ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार केवल औपचारिकता निभाने के लिए कभी-कभार पानी का छिड़काव किया जाता है, जबकि अधिकांश समय सड़क धूल से पूरी तरह पटी रहती है। निर्माण स्थल पर नियमित पानी का छिड़काव किया जाए तो जनता को काफी राहत मिल सकती है, लेकिन ठेकेदार इस दिशा में कोई पहल नहीं कर रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले क्षेत्र के सांसद ने भी निर्माण स्थल का निरीक्षण किया था।इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण में गुणवत्ता बनाए रखने और नियमित पानी छिड़काव कराने के निर्देश दिए थे, ताकि जनता को परेशानी न हो। इसके बावजूद निर्माण एजेंसी द्वारा सांसद के निर्देशों का भी पालन नहीं किया जा रहा है जिससे लोगों में नाराजगी है। सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी लोगों में भारी असंतोष है। ग्रामीणों का आरोप है कि मिट्टी डालने के बाद उसका सही तरीके से कंप्रेसिंग नहीं किया जा रहा। तकनीकी नियमों के अनुसार सड़क निर्माण में लेयर बाय लेयर कंप्रेसिंग आवश्यक है, ताकि सड़क मजबूत और टिकाऊ बन सके लेकिन निर्माण कार्य में इस प्रक्रिया की अनदेखी की जा रही है।इसी तरह जल्दबाजी में लापरवाहीपूर्वक सड़क बनाई गई तो कुछ ही समय बाद सड़क उखड़ने लगेगी और करोड़ों रुपये की राशि व्यर्थ चली जाएगी।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। कई स्थानों पर सड़क किनारे मिट्टी और गिट्टी के बड़े-बड़े ढेर छोड़ दिए गए हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रात के समय पर्याप्त संकेतक और सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से राहगीरों को अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है। निर्माण एजेंसी केवल काम पूरा करने की जल्दबाजी में है, जबकि गुणवत्ता और जनता की सुरक्षा को नजरअंदाज किया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क निर्माण की उच्चस्तरीय जांच कराने और गुणवत्ता की नियमित निगरानी कराने की मांग की है। पहले भी सड़क निर्माण में बड़ी लापरवाही सामने आ चुकी है। कुछ समय पूर्व सोशल मीडिया पर कथित रूप से सीमेंट को सही तरीके से मिक्स किए बिना सीधे सड़क निर्माण में उपयोग करने का बीडीओ वायरल हुआ था देखा गया था जिसपर लोगों ने जमकर विरोध जताया था साथ ही अधिकारियों ने भी निर्माण एजेंसी को फटकार लगाई थी।

इस संबंध में बलरामपुर एसडीएम अभिषेक गुप्ता ने बताया कि समय-समय पर राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को बुलाकर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कहा जाता है। सड़क का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण हो इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा। गुणवत्ता से समझौता नहीं होने दिया जाएगा।

## आम आदमी पार्टी ने किया विरोध प्रदर्शन

**झींगो।** आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने राजपुर के गांधी चौक के समीप रोड एवं पानी की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। रोड से उड़ रहे धूल और अनियमित रूप से किए जा रहे कार्य को लेकर कहा कि सबसे पहले राजपुर शहर की रोड को जल्द से जल्द पूरा करें ताकि धूल और नाली की समस्या का जल्द से जल्द निदान हो सके। नगर मे हो रहे पानी की समस्या को लेकर भी जिला अध्यक्ष जफर खाना द्वारा आवाज़ उठाया गया। अध्यक्ष ने कहा की नल जल प्रकरण की जांच की जाए, पानी की समस्या शहरी एवं ग्रामीण छेत्र दोनों में है आधिकारिक रूप से इसकी जांच कर पानी की समस्या को विभाग तत्काल सही करें। अगर सड़क, धूल, नाली, और पानी की समस्या का निदान तात्कालिक रूप से नहीं हुआ तो आम आदमी पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। शकील अंसारी, विजय जायसवाल, तिलकधारी टोप्पो, शंकर राम भगत, ननकु यादव, मनोज उरांव, नुमान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# पीजी कॉलेज को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- राजीव गांधी पीजी कालेज में हुई नवगठित जनभागीदारी समिति की परिचयात्मक बैठक

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवगठित जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता एवं जन भागीदारी के सभी सदस्यों की प्रथम परिचयात्मक बैठक एवं अभिनंदन समारोह मंगलवार को महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

समारोह में प्राचार्य प्रो. सिन्हा ने कहा कि वर्ष 1960 में स्थापित यह महाविद्यालय सरगुजा संभाग का सबसे बड़ा एवं एकमात्र स्वशासी महाविद्यालय है जहां लगभग 6000 नियमित विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।बढ़ती छात्र संख्या एवं समय की आवश्यकताओं के अनुरूप महाविद्यालय में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ शैक्षिक नवाचारों के क्रियान्वयन की आवश्यकता है। विश्वास है कि जनभागीदारी समिति के सहयोग से महाविद्यालय में बेहतर संसाधन एवं सुविधाएं विकसित की जा सकेंगी।जनभागीदारी समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं पार्षद मनोज गुप्ता ने कहा कि लंबे समय से समिति के अध्यक्ष का पद रिक्त होने के कारण महाविद्यालय के विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे। अब सभी बाधाओं को दूर कर महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य महाविद्यालय को प्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थान के रूप में स्थापित करना है तथा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं इस महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं, इसलिए संस्थान के विकास से उनका विशेष भावनात्मक जुड़ाव है।महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा कि यह महाविद्यालय अंबिकापुर शहर का गौरव है। इस संस्थान का गौरवशाली इतिहास रहा है और यहां से शिक्षा प्राप्त कर अनेक व्यक्तित्वों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने महाविद्यालय के विकास के लिए हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। पार्षद मनीष सिंह नेकहा कि यह महाविद्यालय संभाग उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद्र है और विद्यार्थियों की पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा न आए इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के सदस्य दीपक यादव, श्री दीपांकर,मनोज सोनी,प्रभात विश्वास,अनीश सिंह,अविनाश मंडल,रामप्रवेश पांडे, श्रीमती सरस्वती यादव एवं सुश्री इंदु नेताम सहित भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष, पूर्व पार्षद करताराम गुप्ता, पंकज गुप्ता एवं श्रीमती नीलम राजवाड़े महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन डॉ. उमेश कुमार पाण्डेय तथा आभार प्रदर्शन डॉ. एस. एन. पाण्डेय ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सहकारी बैंक में ड्रावल फॉर्म नहीं मिलने से बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी



सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक में 2 बजे के बाद अगर कोई हितग्राही बैंक में अपने खाते से राशि निकालने हेतु आते है तो उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बैंक मैनेजर अरविंद श्रीवास्तव के आदेशानुसार ग्रामीणों को ड्रावल फॉर्म नहीं दिया जाता है। ऐसे में ग्रामीण अपने ही जमा राशि को निकालने से वंचित रह जाते है। बैंक से ड्रावल फॉर्म नहीं मिलने से ग्रामीण निराश होकर घर चले जाते है।

शादी विवाह के इस सीजन में जहां पैसों की जरूरत हर किसी को होती है। ऐसे में लोग बैंकों में जमा राशि निकालते है। बस स्टैंड स्थित सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक में इन दिनों पैसा निकालने वाले हितग्राहियों की काफी भीड़ होती है। बहुत से ग्रामीण शादी विवाह में अपने ही खाता से कुछ मोटी रकम आहरण करने की जरूरत पड़ती रहती है मगर इस बैंक द्वारा ज्यादातर 20 से 30 हजार रुपए ही दिया जाता है , जिसके चलते दुबारा दूसरे दिन ग्रामीण को अपना सभी काम को छोड़कर बैंक का चक्कर लगाना पड़ता है। बैंक से ड्राइव फार्म नहीं मिलने से परेशान ग्रामीणों ने कलेक्टर, सांसद चिंतामणि महाराज, क्षेत्रीय विधायक सामरी उद्धेश्वरी पैकरा सहित जनप्रतिनिधि के अलावा बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक से मांग की है कि कम से कम 3.30 बजे दिन तक ड्रावल फॉर्म दिए जाए जिससे लोग आसानी से अपनी जमा राशि को निकाल सके और दूर दराज से आए हुए ग्रामीण को निराश होकर घर न जाना पड़े।

इस संबंध में बैंक के शाखा प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि ड्रावल फॉर्म 2 बजे तक ही दे पाते है इसके बाद फार्म देना बंद कर देते है।

## ग्राम कल्याणपुर में हाथी के हमले से प्रभावित दो ग्रामीण परिवारों को प्रदान की गई मुआवजा राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के निर्देश पर जिला प्रशासन और वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए कल्याणपुर गांव में हाथी हमले के शिकार हुए हितग्राहियों के परिजनों को मुआवजा राशि का वितरण कर दिया गया है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया था कि पीड़ित परिवारों को बिना किसी विलंब के सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत कल्याणपुर कोटबहरा व अखोरा निवासी दो ग्रामीणों की गत दिनों हाथी के हमले में मृत्यु होने पश्चात, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सूरजपुर मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 अंतर्गत त्वरित कार्रवाई की गई। विभागीय दस्तावेजों के अनुसार दोनों प्रभावित परिवारों के लिए मुआवजा राशि स्वीकृत कर वितरित की गई है, जिनमें हितग्राही श्रीमती कांति भोई को डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में 5 लाख 50 हजार रूपए एवं श्रीमती राजेश्वरी सिंह श्याम को डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में 5 लाख 50 हजार रूपए भेज दी गई है। साथ ही डिविजनल फारेस्ट ऑफिसर सूरजपुर द्वारा 50-50 हजार रूपए डीबीटी के माध्यम से प्रदान किया गया है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि क्षेत्र की जनता की सुरक्षा और संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ा होना सरकार की प्राथमिकता है। हाथी-मानव द्वंद्व को कम करने के लिए प्रशासन सजग है और प्रभावितों को हर संभव मदद दी जाएगी।

# मवेशी तस्करी मामले में फरार आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

पुलिस ने मवेशी तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी बरियों ने छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(घ) के तहत मामला दर्ज किया गया था। पूर्व में पुलिस ने मामले में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया था जबकि ग्राम आरा निवासी जलाल साह आ. स्व.सिराज साह ( 37 वर्ष) फरार था। पुलिस के मुताबिक 20 मई 2025 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम आरा के कुछ लोग झारखंड के मवेशी तस्करों के साथ मिलकर मवेशियों को बुचड़खाने भेजने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना पर चौकी प्रभारी बरियों ने पुलिस टीम के साथ ग्राम आरा के सरनापारा क्षेत्र में गागर नदी किनारे जंगल के पास दबिश दी। जहां पिकअप क्रमांक जे एच 03 ए एम 4025 खड़ी मिली, जिसमें कुछ लोग मवेशियों को लोड कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को देखते ही आरोपी वाहन छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने वाहन एवं मवेशियों को जब्त कर पंचनामा कार्रवाई की। मामले की विवेचना के दौरान वाहन स्वामी और अन्य आरोपियों की पहचान की गई। पुलिस ने पूर्व में पिकअप चालक रंका अंतर्गत मानपुर निवासी तहकीक अंसारी व वाहन स्वामी त्रिवेणी प्रजापति तथा आबिद अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया था। वहीं मामले में शामिल आरोपी जलाल साह की लगातार तलाश की जा रही थी। इसी बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फरार आरोपी को ग्राम कोरंधा से गिरफ्तार किया।

## दो फरार मवेशी तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



राजपुर पुलिस ने पशु तस्करी करने के मामले में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका था। पुलिस ने पांच आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(घ) के तहत कार्रवाई की है।पुलिस के मुताबिक 11 अप्रैल की रात गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पिकअप वाहन क्रमांक जे एच 01 जीएन 8143 में मवेशियों को अंबिकापुर से राजपुर होते हुए झारखंड के गुमला की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने थाना के सामने अंबिकापुर रोड पर घेराबंदी कर वाहन को रोका। पूछताछ में वाहन चालक द्वारा पुलिस को भ्रामक जानकारी दी गई, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर पूरा मामला सामने आ गया। वाहन स्वामी टांगरझरिया थाना बसिया गुमला निवासी संदीप बड़ाईक ने बताया कि ग्राम जयनगर निवासी गुड्डू पंडित द्वारा दो गाय और दो बछिया को गुमला निवासी अनुज राम के पास भेजने के लिए वाहन में लोड कराया गया था। पुलिस ने वाहन सहित मवेशियों को जब्त कर विवेचना शुरू की थी। प्रकरण में शामिल तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, लेकिन दो आरोपी देवेश कुमार मिश्रा उर्फ गुड्डू पंडित और मोहम्मद सलमान घटना के बाद से फरार थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शिवनंदनपुर निवासी देवेश कुमार मिश्रा उर्फ गुड्डू पंडित व जयनगर निवासी मो.द सलमान को गिरफ्तार किया।

सरगुजा मार्केट

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 23 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 24 मई 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. दीपा सिंह
M.B.B.S, DNB,
(Neuro Surgeon & Spine Surgeon)
पूर्व अपोलो अस्पताल, चेन्नई
न्यूरों (नसों) से संबंधित सभी बीमारियों के लिए
दिनाँक - 16 मई, 2026
दिन - शनिवार सुबह 11 बजे से 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING
·DEEMED COLLEGE
·COUNSELLING
·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
·FORM FILLUP ASSISTANCE
·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance
Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE
ANU SHARMA
9109920477

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
· फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
· उठने बैठने में तकलीफ
· जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
· घुटनों में सूजन होना
· कंधे की ताकत कम होना
· कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
· सुबह जोड़ों में अकड़न होना
· चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द · नसों का रोग · त्वचा एवं बालों का रोग · स्त्री रोग · मानसिक रोग · मूत्र संबंधी रोग · मधुमेह (डायबिटीज़) · नेत्र रोग · किडनी संबंधी रोग · पेट संबंधी विकार · थायराइड · अस्थमा · मोटापा · मांसपेशी का रोग · मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### नपं शिवनंदनपुर में अध्यक्ष व पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र लिए गए

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर के निर्वाचन प्रक्रिया में आज मंगलवार को अध्यक्ष पद हेतु एक नामांकन व पार्षद पद हेतु तीन अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र लिए हैं।रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती शिवानी जायसवाल ने बताया कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर में निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होने उपरांत अब नामांकन पत्र लिए जाने की प्रक्रिया शुरू है। जिसमें पहले दिन सोमवार को केवल एक पार्षद पद हेतु नामांकन पत्र लिए गए थे, लेकिन मंगलवार को एक अध्यक्ष पद हेतु और तीन पार्षद पद हेतु नामांकन पत्र अभ्यर्थियों द्वारा लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया 18 मई तक चलेगी। प्रत्याशी प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना व जमा करने की प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। इसके बाद 19 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 21 मई तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसी दिन अंतिम प्रत्याशी सूची जारी कर चुनाव चिन्हों का आवंटन भी किया जाएगा। यहां पर पहले दिन पार्षद पद हेतु दो नामांकन अभ्यर्थियों द्वारा लिए गए हैं।

### दाबेली दुकान संचालक की संदिग्ध मौत, पार्षद ने की जांच की मांग

**अम्बिकापुर।** मिशन चौक निवासी एवं टुनटुन दाबेली दुकान के संचालक अमन ओझा की झारखण्ड में संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने के मामले में वरिष्ठ भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है तथा आईजी को ज्ञापन सौंप मामले की जांच कराने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने उल्लेख किया है कि मृतक अमन ओझा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गढ़वा में मिला है तथा उसकी हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। घटना के चार-पांच दिन पूर्व ही मृतक ने सोशल मीडिया पर अपनी वीडियो प्रसारित कर अपनी पत्नी व बच्चे को बहला फुसलाकर जयस्तंभ चौक निवासी एक समुदाय विशेष के युवक द्वारा अपने साथ ले जाने एवं युवक द्वारा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। मृतक ने अप्रैल महीने में मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस एवं कलेक्टर जनदर्शन में भी की थी लेकिन किसी ने भी मामले में संज्ञान नहीं लिया। उसने अपने आवेदन में पत्नी एवं बच्चे को भगाने वाले युवक एवं धमकी देने वाले लोगों के नाम एवं उनके मोबाइल नम्बर का भी उल्लेख किया है। वह मानसिक रूप से परेशान था। सबकुछ जानते हुए भी पुलिस की साइबर शाखा, नगर पुलिस अधीक्षक, गांधीनगर एवं कोतवाली पुलिस ने लापरवाही पूर्वक मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। पड़ोसी राज्य झारखण्ड के गढ़वा जिले में संदिग्ध परिस्थितियों में उसका शव मिलने से शहर एवं समाज में घोर निराशा एवं आक्रोश है।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल की सजा

**रायगढ़।** शादी करने का झांसा देकर नाबालिग को बहलाफुसला कर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय ने 20 वर्षीय आरोपी युवक को 20 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया है। इस संबंध में लोक अभियोजक गोविंद कुमार दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि कोतरा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी नाबालिग बालिका से आरोपी करन डोम पिता चैतनराम डोम 20 वर्ष से परिचय वर्ष 2024 में एक अज्ञात नंबर के कॉल से हुआ। जिसके बाद दोनों एक दूसरे मोबाइल के माध्यम से ही बातचीत करते थे। इसी बीच करन ने नाबालिग को पसंद करने की बात कही और इसी दौरान दोनों के बीच शादी करना भी तय हुआ। माह अप्रैल 2024 में करन नाबालिग के घर के पास पहुंचा और उसे घुमाने के बहाने बहलाफुसला कर कुम्भीचुआं पत्थलगांव ले गया, जहां उसने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। तब परिजनों ने नाबालिग बालिका के गुम होने की शिकायत थाने में दर्ज कराई, लेकिन इस घटना के बारे में नाबालिग ने अपने परिजनों को कुछ नहीं बताया। इसी बीच 27 मई 2025 को करन नाबालिग के घर के पास आया और शादी करने की बात कही। तब नाबालिग ने अपनी दादी को दुकान जाने की बात कहते हुए घर से निकली और करन के साथ 28 मई को गेरवानी और फिर पुरी ओडिशा चली गई। वहां से दोनों करन के मामा के घर चले गए, इस बीच आरोपी ने नाबालिग के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया। जब उनका लोकेशन पुलिस को मिला तो पुलिस ने नाबालिक को बरामद करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

### दो साल से टंकियों के कंठ सूखे, बनी शोपीस

# तीन साल में नहीं बनी बिहारपुर समूह जल प्रदाय योजना, शुद्ध पानी के लिए तरस रहे ग्रामवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर के विभिन्न 19 ग्राम पंचायतों में घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करोड़ों रूपए खर्च कर पानी टंकियों का निर्माण कर दिया गया है लेकिन टंकियों को भरने के लिए अब तक पानी की व्यवस्था नहीं हो सकी है। टंकियों को भरने के लिए विभाग ने समूह जल आवर्धन योजना का निर्माण करने की योजना बनाई है लेकिन अभी तक यह योजना धरातल पर नहीं उतर सकी है।

**खास बात**

- टेंडर के लिए गलत दस्तावेजों का उपयोग करने पर विभाग ने निरस्त किया टेंडर, अब रिटेंडर की तैयारी

सूरजपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी-बिहारपुर में घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की जलजीवन मिशन योजना लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ गई है। विभाग ने करोड़ों रूपए खर्च कर गांव-गांव में तीन वर्ष पूर्व ही पानी टंकियों का निर्माण करा दिया है। पूरे गांव में पाइप लाइन का भी विस्तार कर दिया है लेकिन 3 साल का लम्बा समय गुजरने के बावजूद इन टंकियों में पानी भरने की व्यवस्था नहीं हो सकी है। हालत यह है कि पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण अभी भी पांच गांवों की पानी टंकियों का निर्माण पूरा नहीं हो सका है।

इन आधी अधूरी टंकियों के निर्माण में भी विभाग रूचि नहीं ले रहा है। बताया जा रहा है कि अभी तक जहां पानी की व्यवस्था नहीं हो सकी है वहां आधे-अधूरे निर्माण कार्यों के लिए शासन द्वारा ही राशि उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। विभाग वर्ष 2023 में जलजीवन मिशन के लिए क्षेत्र के गांवों में टंकी निर्माण एवं पाइपलाइन विस्तार की स्वीकृति प्रदान की थी। इसी दौरान बिहारपुर समूह योजना निर्माण की भी जिम्मेदारी ठेकेदार को सौंपी गई थी। ठेकेदार ने ग्राम पंचायत ठाड़पाथर अंतर्गत रेडी बहरा स्थित रकसगंडा नदी के किनारे 20 करोड़ की लागत से समूह जल प्रदाय योजना के तहत पानी टंकी, फिल्टर प्लांट सहित अन्य संरचनाओं के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी। ठेकेदार ने स्वीकृति उपरांत रेडीपहरी स्थित रकसगंडा नदी तट पर निर्माण भी शुरू कर दिया था। ठेकेदार ने योजना की नींव तैयार करने के बाद निर्माण को अवरूद्ध कर दिया। इस दौरान टेंडर के लिए उपयोग किए गए ठेकेदार के दस्तावेजों की जांच कराई गई तो बड़ी लापरवाही सामने आई। ठेकेदार द्वारा टेंडर हासिल करने के लिए गलत दस्तावेजों का सहारा लेने का खुलासा हुआ। ठेकेदार की इस लापरवाही पर शासन ने बिहारपुर समूह जल प्रदाय योजना का टेंडर निरस्त कर दिया। अब विभाग योजना के निर्माण के लिए नए ठेकेदार को तलाश रहा है।



आधी-अधूरी पानी टंकी।

**दो साल से सूखे टंकियों के कंठ**

पानी के अभाव में पिछले दो साल से अधिक समय से टंकियों के कंठ सूखे हैं। हर गांव में पानी टंकी निर्माण एवं पाइपलाइन विस्तार पर 1.38 करोड़ रूपए खर्च किए गए है। वर्षों से खाली पानी टंकियां खराब हो रही है। क्षेत्रवासी अधिकांश पानी टंकियों में पानी का रिसाव होने की संभावना जता रहे हैं। विभाग ने ठेकेदारों को निर्माण का भुगतान भी कर दिया है लेकिन अभी तक किसी टंकी की गुणवत्ता की जांच नहीं की गई है। ग्राम पंचायत मोहली में गुणवत्ताहीन पानी टंकी निर्माण करने की शिकायत पर तत्कालीन कलेक्टर रोहित व्यास ने 18 अक्टूबर 2024 को पानी टंकी का निरीक्षण किया था। उन्होंने टंकी में पानी भरवाया तो पानी का रिसाव होने पर नाराजगी जताई थी तथा अधिकारियों को सभी खाली टंकियों को तत्काल भरवाने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर का कहना था तराई नहीं होने से टंकियों में इस तरह की समस्या निर्मित हो सकती है। पानी भरने से इस तरह की समस्या नहीं होगी। कलेक्टर के सख्त निर्देश के बावजूद अधिकारियों ने खाली टंकियों में पानी नहीं भरवाया।

**टूट रही पाइपलाइन**

घर-घर पानी आपूर्ति करने के लिए ठेकेदारों द्वारा गांव-गांव में बिछाई गई पाइप लाइन दो सालों से अनुपयोगी पड़ी हैं तथा धूप व गर्मी के प्रभाव से अब टूट रही है। जगह-जगह की मिट्टी दबने के कारण पाइपलाइन दबकर क्षतिग्रस्त हो गई है। पानी की आपूर्ति नहीं होने के कारण ग्रामवासी भी इसकी सुरक्षा पर ध्यान नहीं दे रहे है। भुगतान लेने के बाद ठेकेदारों ने भी पाइपलाइन का जायजा लेना बंद कर दिया है। समूह जल प्रदाय योजना की निविदा प्रक्रिया पूरी होने में एक महीने से अधिक समय लगने की संभावना जताई जा रही है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद समूह जल प्रदाय योजना का निर्माण प्रारंभ होगा। निर्माण स्थल दूरस्थ इलाके में होने के कारण निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता भी आसान नहीं है तथा निर्माण पूरा होने में एक साल से अधिक समय लगने की संभावना है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ पेयजल के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

**चल रही प्रक्रिया**

बिहारपुर समूह जल प्रदाय योजना के लिए रिटेंडर की प्रक्रिया चल रही है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद योजना का निर्माण प्रारंभ किया जाएगा।

-**अविनाश मिंज**, सहायक यंत्री, पीएचई

### बेटे ने मां की सिलबट्टा मारकर कर दी थी हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**बिश्रामपुर।** लटोरी चौकी अंतर्गत ग्राम गजाधरपुर में मां की हत्या करने वाले आरोपी पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है,आरोपी ने मसाला पीसने वाले पत्थर के सिलबट्टा लोढ़े से सिर पर वार कर अपनी मां की हत्या कर दी थी। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गत 10 मई को ग्राम गजाधरपुर निवासी फुलेन बाई पति स्वर्गीय ईश्वर प्रसाद चेरवा 50 वर्ष को उसके पुत्र दिगम्बर प्रसाद चेरवा ने मसाला पीसने वाले पत्थर के लोढ़े से सिर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था,परिजनों द्वारा महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसी दिन शाम करीब 7 बजे उसकी मौत हो गई,मामले की सूचना पर लटोरी पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी पुत्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान आरोपी दिगम्बर प्रसाद चेरवा पिता स्वर्गीय ईश्वर प्रसाद,उम्र 34 वर्ष निवासी गजाधरपुर चौकी लटोरी थाना जयनगर को मंगलवार को गिरफ्तार करते हुए पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मसाला पीसने वाला सिलबट्टा लोढ़ा भी जब्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय सूरजपुर में पेश किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके पिता की पिछले वर्ष कुएं में गिरने से मृत्यु हो गई थी, जिसके मुआवजे की राशि उसकी मां को मिलने वाली थी,आरोपी ने पूर्व में मां से मुआवजे में हिस्सा मांगा था, लेकिन मां द्वारा इंकार करने पर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन आरोपी ने मां से खाना मांगा था, जिस पर मां ने स्वयं निकालकर खाने की बात कही,इसी बात और पहले से मुआवजे के पैसों को लेकर चल रहे आवेश में आकर उसने पत्थर के लोढ़े से सिर पर हमला कर दिया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी लटोरी अरुण कुमार गुप्ता, प्रधान आरक्षक रामनिवास तिवारी, आरक्षक विकास कुमार मिश्रा,हरिओम पांडे, संतोष जायसवाल, अवधेश पैकरा एवं महिला आरक्षक मालती शोभा एक्का सक्रिय रहे।

### अवैध महुआ शराब जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। पुलिस ने थाना तमनारए भूपदेवपुर और चक्रधरनगर क्षेत्र में अलग.अलग छापेमारी कर कुल 98 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की है। इस कार्रवाई में 2 महिलाओं समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पहली कार्रवाई तमनार थाना में की गई है जहां ग्राम सारसमाल कुधरी भदरा खेत के पास एक व्यक्ति अवैध महुआ शराब बिक्री के लिए रखा हुआ है। पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी परमानंद उरांव 43 वर्ष को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से अलग.अलग जरीकेन और प्लास्टिक डिब्बों में भरी 60 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। इसी तरह दूसरी कार्यवाही भूपदेवपुर पुलिस ने करते हुए ग्राम किरीतमाल में आरोपी गंगाधर सिदार 59 वर्ष के कब्जे से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की विभागवार समीक्षा

**सूरजपुर।** कलेक्टर श्रीमती रेना जमील की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभागवार लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जन शिकायत, मुख्यमंत्री जन चौपाल, पीएमओ पोर्टल एवं कलेक्टर कार्यालय को प्राप्त जन शिकायतों, जनसमस्याओं एवं मांगों की जांच कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए।

- लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

बैठक में न्यायालयीन मामलों, योजनाओं की प्रगति तथा लंबित प्रकरणों की स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि समस्त समय-सीमा पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जिन प्रकरणों के जवाब लंबित हैं उनमें तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य, लोक निर्माण, जल संसाधन, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, जिला योजना तथा आपदा प्रबंधन सहित अन्य विभागों के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और समन्वय आवश्यक है तथा आमजन से जुड़े प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई की जाए। सुशासन तिहार के संदर्भ में कलेक्टर श्रीमती जमील ने समाधान शिविरों के सुचारू संचालन, प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण तथा हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सुशासन तिहार का मूल उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप त्वरित एवं समयबद्ध ढंग से निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविरों में प्राप्त समस्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बैठक में धान के उठाव व आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए खाद-बीज की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को लेकर अद्यतन जानकारी ली गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों से शेष धान का उठाव शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा खरीफ सीजन हेतु किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जनपद पंचायत ओड़गी, प्रेमनगर एवं भैयाथान में अधिक संख्या में लंबित आवासों तथा धीमी प्रगति वाले ग्राम पंचायतों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।



## आमगांव खदान प्रभावित आठ भूस्वामियों को प्रबंधन से मिला नियुक्ति पत्र

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की आमगांव खदान से प्रभावित भू-स्वामियों को चरणबद्ध तरीके से रोजगार प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को खदान प्रभावित परिवारों के आठ सदस्यों को एसईसीएल में नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र सौंपे गए। नियुक्ति पाने वालों में रवि प्रकाश सिंह पिता चित्रांगद सिंह, अनिल प्रताप सिंह पिता हुबलाल सिंह, महेश्वर सिंह पिता देवीप्रताप, मंजीत कुमार पिता हुबलाल सिंह, गोविंद सिंह पिता देवरतन सिंह, किस्मतिया पिता धनसाय, शिवनाथ पिता रामप्रसाद एवं अतवार साय पिता बीरबल शामिल हैं। सभी हितग्राही ग्राम पटना के निवासी बताए गए हैं। इनमें महिला सदस्य किस्मतिया की पदस्थापना बिश्रामपुर क्षेत्र में की गई है, जबकि अन्य सभी पुरुष सदस्यों को बैकुंठपुर क्षेत्र में पदस्थ किया गया है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह ने सभी को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए कंपनी हित में ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि अब आज से आप सभी कंपनी के कर्मचारी हैं, इसलिए खदान संचालन में आने वाले अवरोधों को दूर कर कोयला उत्पादन में सहयोग करना उनका दायित्व है।



गौरतलब है कि आमगांव खदान का विस्तार ग्राम पटना क्षेत्र में किया जा रहा है, जहां 464 भू-स्वामियों को रोजगार देने की प्रक्रिया जारी है। अब तक 208 भू-स्वामियों के नौकरी प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं, वहीं करीब 81 करोड़ रुपये से अधीक की मुआवजा राशि वितरित की जा चुकी है। इधर, पिछले दिनों डायवर्शन सड़क निर्माण को लेकर खदान क्षेत्र में उत्पन्न विवाद की स्थिति अब सामान्य होती नजर आ रही है, इससे प्रबंधन को खदान संचालन और कोयला उत्पादन में तेजी आने की उम्मीद है।नियुक्ति पत्र सौंपने के दौरान आमगांव सहक्षेत्र प्रबंधक विजय कुमार,आशीष क्लारेंस,वीसी चतुर्वेदी उपस्थित थे।

## नहर निर्माण कार्य में लगा ट्रैक्टर पलटा, दबकर ग्रामीण की मौत

**वाड्रफनगर।** मंगलवार को म सोनहत के समीप नहर निर्माण कार्य में लगा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में मातम पसर गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि रघुनाथनगर थाना क्षेत्र में जल संसाधन विभाग द्वारा नहर का निर्माण कराया जा रहा है। नहर निर्माण कार्य में ग्राम पंडरी निवासी 50 वर्षीय विजय दुबे भी लगे हुए थे। विजय दुबे मंगलवार को निर्माण सामग्री लेकर ट्रैक्टर से ग्राम पंचायत सोनहत की ओर जा रहे थे। इस दौरान गांव के मोड़ पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर के पलटने से विजय दुबे इंजन के नीचे दब गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। वहीं घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है और परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में रघुनाथनगर थाना प्रभारी धीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि ट्रैक्टर के नीचे दबने से ग्रामीण की मौत हुई है। मामले में मर्ग कायम किया गया है और घटना की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बस में छूटा महिला नकदी व जेवर से भरा पर्स, साइबर सेल ने लौटाया

**अंबिकापुर।** बस में यात्री का नगदी व जेवर से भरा बैग छूट गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस व साइबर सेल की टीम ने एक घंटे के भीतर बस को ट्रैक कर महिला को उसका बैग सही सलामत वापस लौटाया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के पलामू पड़वा मोड़ निवासी श्रवन सिंह आ. स्व. परमेश्वर सिंह पत्नी के साथ गढ़वा रोड से बस में बैठकर अम्बिकापुर आ रहे थे। अंबिकापुर पहुंचने के बाद वे परिवार के साथ बस से उतर गए लेकिन बस के जाने के कुछ देर बाद उन्हें पता चला कि पत्नी का लेडीज हैण्ड बैग बस में ही छूट गया है। उक्त बैग में महिला के सोने के आभूषण, नगदी रकम और मोबाइल फोन भी मौजूद थे। श्रवन सिंह ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद साइबर सेल प्रभारी अजीत कुमार मिश्रा व साइबर सेल की टीम ने बस को ट्रैक करने के साथ ही रास्ते में रुकवाकर वाहन की जांच की। इस दौरान महिला का बैग बस में ही मिला। बैग में महिला का सोने का मंगलसूत्र चैन, कान का सोने का बाली एवं नगदी 10 हजार रूपए एवं मोबाइल फोन बरामद किया गया। साइबर सेल से प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान एवं आरक्षक राहुल केरकेट्टा ने दम्पति को उनका खोया हुआ पर्स वापस लौटाया।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## किसानों के आंदोलन का असर, 8 करोड़ की राशि किसानों के खातों में जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

मां महामाया शक्कर कारखाना केरता से जुड़े गन्ना किसानों एवं मजदूरों के लंबे समय से लंबित भुगतान को लेकर चल रहा आंदोलन अब असर दिखाने लगा है। किसानों की लगातार नाराजगी, धरना-प्रदर्शन और तालाबंदी की चेतावनी के बाद आखिरकार शासन हरकत में आया है। मंगलवार को किसानों की करीब 16 करोड़ रुपये की बकाया राशि में से 8 करोड़ रुपये किसानों के खातों में जमा करा दिए गए हैं, जबकि शेष राशि भी शीघ्र जारी किए जाने की बात कही गई है। इसकी जानकारी जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 11 सुरेश कुमार आयाम ने दिया

- लम्बे समय से कर रहे थे आंदोलन

गौरतलब है कि विगत 8 अप्रैल को जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम एवं गन्ना किसानों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा ज्ञापन सौंपकर मांग की गई थी कि 15 दिनों के भीतर गन्ना किसानों एवं मजदूरों की लंबित राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कारखाने में किसानों का अध्यक्ष निर्वाचित कराने की मांग भी उठाई गई थी। ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि यदि समय सीमा के भीतर भुगतान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बावजूद इसके जब शासन और प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं हुई, तब पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 अप्रैल को मां महामाया शक्कर कारखाना केरता में किसानों ने ताला बंदी कर दी और नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा शक्कर उठाव पर भी रोक लगा दी गई। इस आंदोलन का नेतृत्व जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में गन्ना किसान, मजदूर और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। आंदोलन के दौरान किसानों ने साफ कहा था कि कई महीनों से भुगतान नहीं होने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया था, वहीं किसान कर्ज और खेती के खर्च को लेकर परेशान थे। आंदोलन को जिला कांग्रेस कमेटी का भी खुला समर्थन मिला। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह, कारखाना के पूर्व अध्यक्ष विद्यासागर सिंह आयाम नवीन जायसवाल एवं किसान मौजूद रहे। जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम ने कहा कि किसानों और मजदूरों की एकजुटता तथा आंदोलन के दबाव के कारण शासन को निर्णय लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह किसानों की पहली जीत है, लेकिन जब तक पूरी राशि का भुगतान नहीं हो जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि शेष राशि के भुगतान में देरी की गई तो किसान फिर से उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



ज्ञापन सौंपते किसान।





